# राजस्थान नर्सिंग कौंसिल, जयपुर

बी–39, सरदार पटेल मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर–302001

राजस्थान सरकार

Government of Rajasthan

**Rajasthan Nursing Council, Jaipur**

B-39, Sardar Patel Marg, C-Scheme, Jaipur-302001


क्रमांक : पं.07( )आरएनसी / स्टोर / रद्दी विक्रय / 2025 / 135 दिनांक 04/12/2025

**मैसर्स सोहेल मेटल**
**मकान नं– 14–15, कृष्ण विहार कॉलोनी,**
**रामगढ़ रोड, जयपुर।**
**मों0 नं0 9829239801**

**विषय :– उत्तर पुस्तिकाओं एवं परीक्षा आवेदन फार्मो की रद्दी उठाने के क्रम में।**
**संदर्भ :– रद्दी की नीलामी दिनांक 28.11.2025 मे आपकी प्राप्त उच्चतम बोली @1550/– प्रति किंवटल + जीएसटी।**

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राजस्थान नर्सिंग कौंसिल की उत्तर पुस्तिकाओं एवं परीक्षा आवेदन फार्मो की रद्दी की दिनांक 28.11.2025 को कौंसिल प्रांगण मे सम्पन हुई खुली नीलामी कार्यवाही में आपकी बोली @1550/– प्रति किंवटल + जीएसटी उच्चतम रहने के कारण इसे अनुमोदित किये जाने का निर्णय लिया गया है।

नीलामी की शर्तो के अनुसार कुल नीलामी राशि की 25 प्रतिशत की राशि आप द्वारा मौके पर जमा करवायी जा चुकी है। शर्त संख्या 7 के अनुसार आपके शेष 75 प्रतिशत राशि आगामी दो कार्य दिवस पर कराकर रद्दी को उठाना है परन्तु आप द्वारा इस क्रम में अभी तक कोई कार्यवाही नही की गई है।

शर्त संख्या 9 के अनुरूप रद्दी उठाने से पूर्व कामगारो के माध्यम से उत्तर पुस्तिकाओं / परीक्षा फार्मो की रद्दी के टुकडे कौंसिल परिसर मे ही किये जाने है तभी रद्दी कौंसिल से बाहर ले जाने की अनुमति होगी। अतः लेख है कि आप पत्र प्राप्ति की दो दिवस मे उक्तानुसार कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करे।

यह कार्यादेश कौंसिल स्तर पर गठित समिति की अनुशंषा एवं सक्षम स्तर से अनुमोदन के पश्चात् जारी किया जा रहा है।

(जोईस कुरियन)
रजिस्ट्रार
राजस्थान नर्सिंग कौंसिल
जयपुर

क्रमांक : पं.07( )आरएनसी / स्टोर / रद्दी विक्रय / 2025 / 135 दिनांक 04/12/2025

1. निजि सचिव, निदेशक (जन स्वास्थ्य) एवं पदेन अध्यक्ष, आरएनसी,जयपुर।
2. प्रभारी अधिकारी लेखा / परीक्षा शाखा / रजिस्ट्रेशन अनुभाग / शैक्षणिक अनुभाग / आरटीआई अनुभाग / स्टोर अनुभाग / विधि अनुभाग / संस्थापन अनुभाग आरएनसी, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त रद्दी स्थल पर सफल बोलीदाता के कामगारो द्वारा रद्दी के बंडल बाहर निकालते वक्त यह सुनिश्चित कर ले कि उसमे आपके अनुभागो से सम्बन्धित कोई अभिलेख / रिकोर्ड रद्दी के रूप मे तो नही ले जाया जा रहा है।
3. प्रोग्रामर (अनुबन्ध), आरएनसी, जयपुर।
4. रक्षित पत्रावली।

रजिस्ट्रार
राजस्थान नर्सिंग कौंसिल
जयपुर